प्रलिम्सि फैक्ट: 06 अप्रैल, 2021

- [कवि सारला दास](#)

कवि सारला दास

Poet Sarala Das

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उपराष्ट्रपति ने ओडिशा के कटक ज़िले में आदिकवि सारला दास की 600वीं जयंती समारोह को संबोधित किया।

- सारला दास ओडिया साहित्य (**Odia literature**) के महान विद्वानों में से एक थे।

प्रमुख बिंदु:

- वह पहले विद्वान थे जिन्होंने 15वीं शताब्दी में ओडिया भाषा में अपनी रचनाएँ लिखी थीं।
- इन्हें ओडिया भाषा के तीन प्रमुख ग्रंथों- महाभारत (Mahabharata), विलंका रामायण (Vilanka Ramayana) और चंडी पुराण (Chandi Purana) के लिये जाना जाता है।
- इन्हें लक्ष्मी नारायण वचनिका की रचना हेतु भी जाना जाता है।
- इन्होने ओडिशा के प्रसिद्ध गजपति राजा (1435-67 ई) कपिलेश्वर जिसे कपिलेंद्र के नाम से भी जाना जाता है, के शासनकाल में महाभारत की रचना शुरू की।

ओडिया भाषा:

- इंडो-आर्यन परिवार के पूर्वी समूह में सबसे पुरानी, ओडिया भाषा की उत्पत्ति अर्धमागधी प्राकृत से हुई है।
- ओडिया उन छह भाषाओं में शामिल है जिन्हें [भारतीय शास्त्रीय भाषा](#) का दर्जा प्राप्त है।
- यह भारतीय संविधान में आधिकारिक तौर पर "अनुसूचित" भाषा है अर्थात् यह संविधान की अनुसूची 8 में शामिल भाषा है।
- ओडिशा राज्य की मुख्य आधिकारिक भाषा भी है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-06-april-2021